सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वां तल पी.सी.एफ. भवन, 32–स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
Ph. No.: 0522-2630877, Fax No.:0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 212 / सो.आ.नि.– 318 (I) / 2014
दिनाँकः 10 जुलाई, 2014

प्रेषक,
निदेशक,
सोशल आडिट, उ0प्र0,

सेवा में,
समस्त जिला विकास अधिकारी,
(गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बलिया, चन्दौली,
कासगंज तथा गाजीपुर को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

महोदय,

आपके जनपद में सोशल आडिट कलैण्डर के अनुसार ग्राम पंचायतों में महात्मा गाँधी नरेगा एवं इन्दिरा आवास योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2013–14 में कराए गए कार्यों का सोशल आडिट इसी सप्ताह प्रारम्भ हो रहा है। सोशल आडिट के दौरान निर्माण कार्यों के भौतिक सत्यापन के समय टीमों को नाम–जोख करने के लिए फीते की आवश्यकता पड़ सकती है। अतः जनपद को अनुषांगिक व्यय मद में आवंटित धनराशि में से प्रत्येक BSAC के लिए (जिनके ब्लाक की ग्राम पंचायतों में सोशल आडिट हो रहा है) एक 50 मीटर का फीता क्रय करके उपलब्ध करा दें। जिन BSAC को यह फीता उपलब्ध कराया जाए उनसे इसे कलैण्डर के अनुसार सोशल आडिट सम्पन्न होने पर वापस कर लिया जाए तथा भविष्य में आवश्यकतानुसार उन्हें पुनः उपलब्ध कराया जाए।

(2) सोशल आडिट ग्राम सभा की खुली बैठक में जन–सामान्य की जानकारी के लिए एक बैनर लगाया जाना उपयुक्त होगा। अतः निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक BSAC को 4×8 फीट के आकार का बैनर (फ्लैश बोर्ड) संलग्न प्रारूप के अनुसार उपलब्ध करा दिया जाए। चूंकि विकास खण्ड में ग्राम पंचायतों में अलग–अलग तिथियों में सोशल आडिट ग्राम सभा की बैठक होगी, अतः इसी बैनर पर ग्राम पंचायत तथा तिथि में परिवर्तन करके विकास खण्ड की सभी ग्राम पंचायतों के प्रयोग में लाया जाए।

(3) एक फीता तथा एक बैनर–दोनों को मिलाकर प्रति ब्लाक रु0 1,000 / – के अन्तर्गत व्यय आएगा। उक्त को ध्यान में रखते हुए मितव्ययतापूर्वक फीता एवं बैनर प्रत्येक BSAC (जिसके विकास खण्ड में सोशल आडिट हो रहा है) को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नकः बैनर का प्रारूप।

(signature)
(शंकर सिंह)
निदेशक

/LP/January2014/Letter

• पारदर्शिता • सहभागिता • जवाबदेही

विकास खण्ड- जनपद-

सोशल आडिट ग्राम सभा की बैठक

ग्राम पंचायत ______ दिनाँक ______